>

Title: Regarding stray animal menace in Basti Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बस्ती समेत संपूर्ण उत्तर प्रदेश में छुट्टा पशुओं से होने वाली समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूं । छुट्टा पशुओं की वजह से विशेषकर किसान भाइयों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । ऐसे पशु मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भाइयों की खरीफ फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों की गाढ़ी कमाई और खून-पसीने की मेहनत बर्बाद हो जाती है । छुट्टा पशु गली-मोहल्ले से लेकर व्यस्त सड़कों तक, विशेषकर हाइवे आदि पर यातयात जाम का कारण बन रहे हैं । इससे राहगीरों को यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि छुट्टा पशुओं की समस्याओं का समाधान तत्काल प्रभाव से निकालने की कृपा करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री हरीश द्विवेदी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।